**05/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि बेटियों को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करना महिला-नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है। आज शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दो हजार पच्चीस प्रदान करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने इस बात पर ज़ोर दिया कि लड़कियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा में निवेश परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में एक अमूल्य योगदान है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा में लड़कियों के सकल नामांकन अनुपात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस स्कूली स्तर पर शिक्षा को अधिक सुलभ और निर्बाध बनाने पर विशेष ज़ोर देती है।

0000000000000000000000

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 के अंतर्गत "अंगीकार 2025" अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान एक व्यापक संपर्क कार्यक्रम है जो देश भर में प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करके इसके कार्यान्वयन में तेज़ी लाएगा। इस योजना के तहत आवेदनों का सत्यापन भी तेज़ होगा और पहले से स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य में तेज़ी आएगी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज पापुम पारे स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय पाचिन की प्रधानाध्यापिका नांग एकथानी मौंगलांग को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दो हजार पच्चीस से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। श्री मैन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनके मार्गदर्शन में, स्कूल ने सीबीएसई कक्षा दस के परिणामों को दो हजार तैईस में सत्ताइस प्रतिशत से बढ़ाकर दो हजार पच्चीस में 100% करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्री मैन ने आगे कहा कि आईसीटी-एकीकृत कक्षाओं, सह-पाठ्यचर्या कार्यक्रमों और सक्रिय सामुदायिक सहभागिता सहित उनकी पहलों ने स्कूल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के अनुरूप समग्र विकास के एक मॉडल में बदल दिया है।

0000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने आज गोल्डेन जुबली बैंक्वेट हॉल ईटानगर में शिक्षको के लिए राज्य पुरस्कार पैश किया। प्रिंसीपल, हेडमिस्ट्रेस, पी जी टी, टी जी टी, पी ई टी और पी आर टी को मिलाकर कुल चालीस शिक्षःको को राज्य के शैक्षःणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त निजी स्कूलों से शिक्षःको को पुरस्कार के लिए चुना गया था। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति उनका सेवा पीढ़ियों को मूल्य, बुद्धि और ज्ञान से लैस करने का स्त्रोत होगा। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षःक राष्ट्र, निर्माता, युवा दिमागों को आकार देने वाला और समाज के भाग्य का निर्माता है।

0000000000000000000000

विधायक नाबाम विवेक ने आज यूपिया के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय मे हाकूम हापा नाम नवीनीकृत ऑडिटोरियम का उदघाटन किया। जिला उपायुक्त विशाखा यादव के देखरेख में जिला प्रशासन ने इस्तेमाल में ना लाए हुए हॉल को नवीनीकृत कर एक सौ पच्चीस लोगों के बैठने के लिए एक आधुनिक ऑडिटोरियम बना दी है। यह सुविधा छात्रों के अतिरिक्त सह पाठ्यचर्या, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शैक्षःणिक बैठको की जरुरत को पूरा करेगा। इस अवसर पर जिला उपायुक्त ने “टीचर्स ऑफ द मंथ” पुरस्कार की पहल की घोषणा की ताकि उत्कृष्ठ शिक्षःको की पहचान की जा सके। उदघाटन पुरस्कार मेंगियों ब्लॉक के राजकीय आवासीय स्कूल न्योपांग के पी आर टी आमेन ताकियो को प्रदान किया गया।

0000000000000000000

तोमो रीबा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान (TRIHMS) नाहरलागुन और पूर्वोत्तर विज्ञान एवं तकनिकी प्रौद्योगिकी संस्थान (NERIST) निरजुली ने शैक्षणिक, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण और स्टूडेंट्स फेकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी स्वास्थ्य सेवा में स्थानीयों चुनौतियों का समाधान करने के लिए दोनों संस्थानों चिकित्सा विज्ञान, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी की पूरक शक्तियों का लाभ उठाने के लिए तैयार की गई है।

000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने फार्मेसी अधिनियम, उन्नीस सौ अड़तालीस के तहत निर्धारित शर्तों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक निर्देश जारी किया है। निर्देशों के अनुसार, केवल अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत फार्मासिस्ट (या धारा 14 के तहत अनुमोदित) ही राज्य में फार्मेसी का अभ्यास करने के हकदार हैं। पंजीकृत फार्मासिस्ट के अलावा कोई भी व्यक्ति किसी चिकित्सक के पर्चे पर दवाओं का संयोजन, निर्माण, मिश्रण या वितरण नहीं करेगा। अयोग्य व्यक्तियों द्वारा दवा वितरण सख्त वर्जित है। सरकारी और निजी क्षेत्रों के सभी संस्थानों/संगठनों के प्रमुखों से अनुरोध है कि वे ज्ञापन जारी होने के 6 महीने के भीतर इसका अनुपालन करें।

0000000000000000000

पापुमपारे जिले में महिला-केंद्रित थीम पर संकल्प महिलाओं के लिए सशक्तिकरण केंद्र के तहत 10 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चल रहा है और यह अगले 12 सितंबर तक जारी रहेगा। अभियान के एक हिस्से के रूप में, न्योर्च बाजार में सब्जी विक्रेताओं के लिए वन स्टॉप सेंटर (OSC), महिला हेल्पलाइन (WHL), चाइल्ड हेल्पलाइन (CHL), शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) जैसी सभी महिला केंद्रित योजनाओं पर विशेष जागरूकता और क्षमता निर्माण का आयोजन किया गया। इसी तरह, जिला प्रशासन युपिया के तहत महिला कर्मचारियों को POSH अधिनियम (कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न) पर जागरूक की गई। अभियान का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, पापुमपारे जिले द्वारा किया जा रहा है।

00000000000000000000000

मौसम विभाग़ ने वेस्ट् कामेंग, कामले, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट् सियांग, शि-योमी, तिराप और लोंगडिंग ज़िलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अनुमान लगाया है कि कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

00000000000000000